# अल्लाह का खौफ हो तो सारे मसले हल

## इज्तिमा के दूसरे दिन मौलाना साद के छोटे बेटे मौलाना सईद ने दिया बयान

**भोपाल, 15 नवंबर. राजधानी भोपाल के ईंटखेड़ी में चल रहे 78 वें आलमी तबलीगी इज्तिमा के दूसरे दिन फजर की नमाज के बाद मौलाना साद के छोटे बेटे मौलाना सईद ने बयान दिया. उन्होंने कहा कि आज मुसलमान मस्जिदों से दूर होते जा रहे हैं और बे-नमाजी का रुझान बढ़ रहा है, जो उम्मत के लिए सबसे बड़ा नुकसान है. उन्होंने कहा कि जितना खौफ नुकसान का है, उतना अल्लाह का हो जाए तो सारे मसले खुद-ब-खुद हल हो जाएंगे.**

मौलाना सईद ने कहा कि मुसलमान अपनी परेशानियों का हल दुनिया और लोगों में ढूंढ रहे हैं, जबकि हर मसले का हल सिर्फ अल्लाह के पास है. उन्होंने कहा कि अगर मुसलमान अपनी मुश्किलों को नमाज और दुआ में अल्लाह से मांगेंगे, तो इंशाअल्लाह हर परेशानी आसान हो जाएगी.



इज्तिमा में शनिवार को भी जायरीनों का आने का सिलसिला जारी रहा. रेलवे स्टेशन से इज्तिमा स्थल जाते जायरीन.

**हलाल-हराम की पहचान भूलते जा रहे :** उन्होंने कुरआन और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि आज हालात इसलिए खराब हुए हैं, क्योंकि लोग हलाल-हराम की पहचान भूलते जा रहे हैं. दीन से दूरी और गुनाहों का रुझान बढ़ चुका है. यह परेशानियों की बड़ी वजह है.

**किसान सर्दी-गर्मी, किसी चीज की परवाह नहीं करता:** मौलाना सईद ने मेहनत और यकीन पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि इंसान आम तौर पर उसी चीज़ पर मेहनत करता है जिसे वह अपनी आंखों से होता हुआ देख ले. उन्होंने किसान की मिसाल देते हुए कहा कि किसान सर्दी-गर्मी, बीमारी-तंगी किसी चीज की परवाह नहीं करता क्योंकि उसने अपनी आंखों से देखा है कि बीज बोने पर फसल उगती है. उन्होंने कहा कि इंसान जिस चीज का नतीजा आंख से देख ले, उसी पर जम जाता है यही मेहनत का पहला रुख है. लेकिन उन्होंने बताया कि दीन की मेहनत वह है जो आंखों से नहीं दिखाई देती, अच्छी जिंदगी, हक की रात और यही असल कामयाबी है. उन्होंने कहा कि जब इंसान वजहों दुकान, कारोबार, नौकरी, गाड़ी को असली समझ लेता है, तो यकीन कमजोर हो जाता है. उन्होंने कहा कि आज लोग कहते हैं. मेरी दुकान ने हज करवा दिया, मेरी गाड़ी ने मेरे मसले हल कर दिए. यह सब गलत यकीन की निशानी है. काम कराने वाला सिर्फ अल्लाह है. इधर, इज्तिमा में शनिवार को भी जायरीनों का आने का सिलसिला जारी रहा.

> **चार दिनी इज्तिमा का समापन कल**
>
> चार दिनी इज्तिमा का समापन सोमवार को होगा. शुक्रवार को हुए उलेमाओं के मशवरे में यह तय किया गया कि इस बार सोमवार को दुआ सुबह 9:30 से 10:30 बजे के बीच कराई जाएगी.



# हिन्दी, मलयालम और फ्यूजन संगीत गूंजे

**केरला फेस्ट**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 15 नवम्बर. बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में केरला फेस्ट का तीसरा दिन रंग, संगीत और सांस्कृतिक उत्साह से भरपूर रहा. शनिवार को सप्ताहांत की भीड़ ने केरल और मध्य प्रदेश की कला, संगीत और परंपराओं के अनूठे मेल का आनंद लिया. बल्कि कथकली से लेकर थेय्याम, फ्यूजन संगीत से लेकर लोकनृत्यों तक हर प्रस्तुति से दर्शक भावनात्मक रूप से जुड़ गए.**

तीसरे दिन की प्रस्तुति ने उत्सव में भारत की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया. कार्यक्रम की शुरुआत मधुर गायन से हुई. भोपाल की अनुभूति ट्रूप ने हिंदी और मलयालम गीतों का सुंदर संगम प्रस्तुत किया जिसने शास्त्रीय, फिल्मी और समकालीन धुनों को एक साथ जोड़कर अद्वितीय माहौल बनाया. यूएमए के अध्यक्ष ओडी जोसेफ ने दर्शकों के जोश और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस महोत्सव में हजारों लोग शामिल होकर केरल की कला और संस्कृति का आनंद ले रहे हैं.

> **फ्यूजन म्यूजिक कॉन्सर्ट का दर्शकों ने उठाया लुफ्त**
>
> उत्सव में शाम का मुख्य आकर्षण फ्यूजन म्यूजिक कॉन्सर्ट रहा. केरल के प्रतिष्ठित कलाकारों ने हिंदी और मलयालम लोकधुनों को शास्त्रीय रागों तथा आधुनिक संगीत के साथ जोड़कर ऐसा संगीतमय वातावरण बनाया, कि दर्शक तालियों से गूंज उठे. चेंडा, मृदंगम, बांसुरी के साथ गिटार और कीबोर्ड का मेल भारतीय, आधुनिक संगीत का संवाद पेश करता दिखा.

## एक नजर में



### बाल दिवस पर बच्चों की हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**भोपाल, 15 नवंबर.** पर्पल क्रेयॉन नर्सरी स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई, जिसमें झांसी की रानी, मोदी जी, परी बटर फ्लाई, सनफ्लावर रैंबो बने बच्चों ने आकर्षक प्रदर्शन किया. साथ ही बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी. सभी बच्चों को इनाम दिया गया. कार्यक्रम में चाचा नेहरू की याद में बच्चों ने केक काटा. सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए.



### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी नृत्य, संगीत की प्रस्तुति

**भोपाल, 15 नवंबर.** कमला देवी पब्लिक स्कूल का 'समय मंथन' वार्षिक उत्सव 2025-26 शुक्रवार को आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद चौरगढ़े, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण,भोपाल, विशिष्ट अतिथि तिलक राय, संगठन मंत्री वनवासी कल्याण परिषद एवं योगीराज परिते, प्राचार्य शासकीय विद्यालय भानपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया और सभी ने अपने उद्बोधन में नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन आदि विधाओं की प्रस्तुतियों की तारीफ की. विद्यालय की प्राचार्या डॉ विनीता मिश्रा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियां बताई. राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में सफल हुए विद्यार्थियों का मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मान भी किया गया. इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी संजय शर्मा, राकेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राजू शर्मा, ओ.पी.गुर्जर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

### लाइफ वेलनेस स्टूडियो लांचिंग का शुभारंभ

**भोपाल, 15 नवम्बर.** महापौर मालती राय ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भोपाल की ब्राडिंग पर परिचर्चा एवं लाईफ वेलनेस स्टूडियो लांचिंग तथा जीएसटी रिफार्म पर धन्यवाद कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया. महापौर राय ने आयोजन समिति को इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन को सराहनीय निरूपित करते हुए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रवीन्द्र यति, पूर्व पार्षद सहित गिरीश शर्मा के अलावा आशीष अग्रवाल, डॉ. अभिजीत देशमुख सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

# बिरसा मुंडा जयंती पर आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति

**बीएसएसएस कॉलेज में हुए आयोजन**

**भोपाल, 15 नवंबर. शहर के बीएसएसएस कॉलेज में शनिवार को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किए गए. भगवान बिरसा मुंडा द्वारा मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनके अतुलनीय योगदान को याद कर उन के चित्र पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर फादर जॉन पीजे, वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर लीमां जैकब, पूर्व, छात्र 1987 बैच एलेक्स, रंजीत सिंह और साइमन ने पुष्प अर्पित किए गए. भगवान बिरसा मुंडा की स्तुति के रूप में ढोलक की थाप पर सामूहिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया.**



इस अवसर पर बीएसएसएस पूर्व छात्र संघ के द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया. इसमें वॉक फॉर ए कॉज़: मधुमेह मुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाया गया. सामूहिक जुंबा करने के बाद, डॉ धर्मेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में एनएसएस के छात्र और कैप्टन नासिर अली के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स के साथ शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ विशाल सिंह सेंगर ने, डीजे की धुन पर बीएसएसएस परिसर से वॉकथॉन शुरू करवाई.

कॉलेज के प्राचार्य, उपप्राचार्य, डीन अकादमिक फादर जॉमी पनीथास, सिस्टर रोहिणी और कार्यक्रम आयोजक प्रोफेसर लैला साइमन और जूडी शाजी अब्राहम ने फ्लैग ऑफ़ किया. चिरायु हॉस्पिटल की टीम ने सभी प्रतिभागियों का डायबिटीज और बीपी का चेकअप किया.

# प्रदेश परिधान प्रतियोगिता में ओजस्विनी प्रथम रहीं

**स्वदेशी जागरण मंच ने किया आयोजन**

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 15 नवम्बर. स्वदेशी जागरण मंच की प्रदेश परिधान प्रतियोगिता शनिवार शाम संस्कृति, सम्मान और स्वदेशी चेतना के उत्साह से भर उठी. पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रिया ने किया. मेला संयोजक सीमा भारद्वाज और मंच की प्रमुख प्रतिभा शुक्ला ने भारतीय परंपराओं को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का माहौल और भी प्रेरक बना दिया.**

कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथियों में अल्पा रावल, डॉ प्रवीना अग्रवाल, अल्का देशमुख, मोहीब उन्नीस, डॉ विशाखा श्रीवास्तव, समाजसेवी योगमाया दीदी और हरदा से पार्षद तथा समाजसेवी भारती शर्मा शामिल रहीं.

सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया और सभागार तालियों की गूंज से भर उठा. मुख्य अतिथियों में आरएसएस प्रांत बौद्धिक प्रमुख गिरीश जोशी, प्रज्ञा प्रवाह क्षेत्र संयोजक दीपक शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, आरएसएस सह प्रांत प्रमुख सामाजिक सद्भाव निमेष सेठ, उद्योगपति कार्तिकेय चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता जयदीप नागपाल और लोकतंत्र सेनानी तथा मध्य प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक शामिल रहे. सभी का स्वागत मेला संयोजकों और पदाधिकारियों द्वारा किया गया.

# बालाजी महाराज का किया अभिषेक, मनमोहक श्रृंगार

**गोविंदा, गोविंदा कहते हुआ ब्रह्मोत्सव का समापन**

**भोपाल, 15 नवंबर. रायसेन रोड सज्जन सिंह पटेल नगर स्थित एनआरआई लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेश बालाजी हनुमान एवं गरुण मंदिर में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय ब्रह्मोत्सव का शनिवार को समापन किया गया. सुबह बालाजी भगवान को प्रार्थना आराधना से जगाया गया.**

मंदिर के संरक्षक सुबोध सिंह एवं जयश्री सिंह ने भगवान बालाजी को मंदिर प्रांगण में बने तालाब में पुष्करिणी स्नान कराया. इसे बहुत पवित्र अनुष्ठान माना जाता है. बालाजी महाराज का मनमोहक श्रृंगार किया गया. यज्ञशाला में सुदर्शन हवन व शांति पाठ का आयोजन किया गया. यज्ञशाला के सभी चार द्वारों पर बलिदान किया गया. अग्निशांति के लिए चार दिनों से चली आ रही हवन पूजा में महापूर्णाहुति दी गई. बालाजी महाराज पालकी में सवार होकर मंदिर में परिक्रमा के लिए निकले. चार दिन से चले आ रहे इस ब्रह्मोत्सव के प्रधान कलश को 108 कलश के साथ रखा गया. भगवान बालाजी का 108 कलश से अभिषेक किया गया. इन कलशों में दूध, दही, मक्खन, शकर, शहद व घी से बालाजी का अभिषेक किया गया. हवन में रखे प्रधान कलश को भी तिरुपती बालाजी को समर्पित किया गया. पूजा के कार्यक्रम में महापौर भोपाल मालती राय उपस्थित रहीं.

ब्रह्मोत्सव के अंतिम दिन ऋषियों और देवताओं को देवलोक में विदा करने की रस्म की गई, जिसे देवतोद्वासनाम कहा जाता है.

## 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 आज

**भोपाल, 15 नवंबर.** विश्वरंग, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) तथा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के संयुक्त तत्वावधान में 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रविवार, 16 नवम्बर को किया जा रहा है. यह प्रतियोगिता स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होगी, जिसमें 2000 से अधिक छात्र शामिल होंगे. इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 7, कक्षा 8 से 9, तथा कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थी शामिल होंगे. प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी पसंद के विषय पर रचनात्मक कलाकृतियाँ बना सकते हैं. आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं. रजिस्ट्रेशन निशुल्क है. इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम, कक्षा और विद्यालय का विवरण देकर विश्वरंग की वेबसाइट ( www.vishwarang.com ) पर रजिस्टर कर सकते हैं.

# भेल मिनी इंडिया, यहां है सौहार्द का माहौल

**बीएचईएल में मनाया जनजातीय गौरव दिवस**

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 15 नवंबर. बीएचईएल, भोपाल में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस बड़ी उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया. कार्यक्रम में प्रदीप कुमार उपाध्याय, महाप्रबंधक एवं यूनिट हेड, बीएचईएल भोपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.**

टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (एचआर); अरिफ अहमद सिद्दीकी, अतिरिक्त महाप्रबंधक (एचआर); मनीष ठाकुर, बीएचईएल अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के संपर्क अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं टाउनशिप निवासी मौजूद रहे. कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जा से भरपूर पैदल रैली से हुई, जिसे उपाध्याय द्वारा बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. उपाध्याय ने कहा कि हर वर्ष पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य के साथ होने वाले ये आयोजन जनजातीय समुदाय की समृद्ध विरासत और गौरव का प्रतीक हैं, जो इस बात को रेखांकित करते हैं कि व्यक्ति के कर्म ही उसकी सच्ची पहचान होते हैं.




> अपने संबोधन में उपाध्याय ने कहा कि बीएचईएल एक 'मिनी-इंडिया' है, जहां विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों से आए लोग सौहार्दपूर्वक काम करते हैं. उन्होंने कर्मचारियों को बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपने कार्य और व्यवहार में शामिल करने का आग्रह किया. उन्होंने बीएचईएल, भोपाल के जनजातीय कर्मचारियों की निष्ठा और समर्पण की भी प्रशंसा की. कार्यक्रम की शुरुआत में सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की.

# सनातन का मजाक उड़ाने पर लगे रोक

**मानस धाम कॉलोनी में श्रीराम कथा का तृतीय दिवस**

**भोपाल, 15 नवंबर. मानस धाम कॉलोनी पिपलिया लांबाखेड़ा में चल रही श्रीराम कथा के तृतीय दिवस पर वृंदावन धाम से पधारे शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी कहा कि 'भूल होना मनुष्य की प्रकृति है, लेकिन उसे सुधार लेना ही सच्ची संस्कृति है. भगवान की कथा तभी सार्थक है जब गलती दोबारा न दोहराई जाए.'**

उन्होंने 'धन्यवाद' शब्द के उद्गम को भगवान शिव की वाणी से जोड़ा और बताया कि भगवान के नाम का गुणगान करने वाला ही वास्तविक धन्यवाद का अधिकारी है. शास्त्री ने कहा, 'जिसे अहम की लत लग जाए, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाता. जीवन में एक ऐसा इंसान अवश्य रखो जो दर्पण की तरह तुम्हें सच्चा स्वरूप दिखा सके.' कथावाचक ने फिल्मों में हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाने वालों पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का अपमान करनेवाले निर्देशक और कलाकारों पर प्रतिबंध लगना चाहिए. जिसने शिवजी के तांडव का मजाक उड़ाया है, वह सामूहिक रूप से भगवान से क्षमा मांगे. कथा के दौरान भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया.



**नाटक का मंचन** | **आदर्श नाट्य समारोह के दूसरे दिन रंगाभरण थिएटर की प्रभावशाली प्रस्तुति**

# हयवदन के मंचन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 15 नवम्बर. तीन दिवसीय आदर्श नाट्य समारोह के दूसरे दिन जबलपुर के रंगाभरण थिएटर की प्रस्तुति हयवदन ने लिटिल बैले ट्रुप सभागार में दर्शकों को गहराई तक प्रभावित किया. शनिवार की शाम नाटक के प्रारंभ होते ही मंच पर संगीत, गति और प्रतीकों का ऐसा समन्वय उभरा, जिसने माहौल को जीवंत बना दिया.**



मुख्य भूमिकाओं में नमन मिश्रा, पूजा केवट, भानु प्रकाश शाह और विकास जोठे ने अपने सशक्त अभिनय से पात्रों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. तकनीकी संचालन तरुण ठाकुर और राजा चौधरी ने संभाला, जिन्होंने मंचन को सहज और सुंदर रूप से आगे बढ़ाया. निर्देशक अक्षय सिंह ठाकुर ने गिरीश कर्नाड की रचना को यक्षगान शैली, कर्नाटक संगीत और मुखौटों के रचनात्मक प्रयोग के साथ नया आयाम दिया. चार कलाकारों द्वारा अनेक पात्रों का रूपांतरण दर्शकों के लिए आकर्षण रहा.

**नाटक की कथा:** हयवदन की कथा मानव की पूर्णता की खोज पर आधारित है. एक ओर हयवदन अपनी घोड़े वाले सिर से मुक्ति चाहता है, वहीं दूसरी ओर देवदत्त कपिल और पद्मिनी के बीच संबंधों का जटिल त्रिकोण सिरों की अदला बदली के बाद पहचान और अस्तित्व पर दार्शनिक प्रश्न खड़ा करता है.



## लाइव पोर्ट्रेट बनाया

**भोपाल, 15 नवंबर.** प्रयास आर्ट गैलरी में भोपाल के सुप्रसिद्ध कलाकार विनय सप्रे का लाइव पोर्ट्रेट डेमो हुआ, जिसमें उन्होंने मॉडल को सामने बिठा कर पोर्ट्रेट बनाया. इस कार्यक्रम का आयोजन प्रयास आर्ट गैलरी के संस्थापक महेश शावरीकर और माधवी शावरीकर द्वारा किया गया. उपस्थित छात्रों और कला प्रेमियों ने सप्रे से कला शैली और कार्यप्रणाली से प्रेरणा ली. प्रयास आर्ट गैलरी का उद्देश्य, चित्रकला मूर्तिकला, फोटोग्राफी, हस्तकला और कला से जुड़ी अन्य रचनाओं के लिए खुला मंच प्रदान करना है.